वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 19.08.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, अमर उजाला ," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

दैनिक जागरण–दि0 19.08.2024

रोपवे का पहला स्टेशन बनकर तैयार

जागरण संवाददाता, वाराणसी : शहर की ट्रैफिक समस्या में कमी और पर्यटन को पंख लगाने के मकसद से गतिशील देश के पहले अर्बन ट्रांसपोर्ट रोपवे प्रोजेक्ट को समय पर पूर्ण करने की कोशिश है। नवंबर में पहले चरण का ट्रायल रन किया जा सकता है। करीब 3.75 किलोमीटर की परियोजना में पांच स्टेशन बनाए जाने हैं। दो चरण में कार्य हो रहा है। पहले चरण में तीन स्टेशन स्वीकृत है, जिसमें कैंट, भारत माता मंदिर और रथयात्रा शामिल है। भारत माता मंदिर स्टेशन तैयार हो चुका है।

सात टावर स्थापित किए जा चुके हैं, इसी टावर पर रोप इंस्टाल करेंगे। गोंडोला की मदद से यात्रियों को ले जाया जाएगा। स्विट्जरलैंड से सात मोनोकेबल डिटैचबल गोंडोला (केबल कार) की आमद हो चुकी है, जबकि 45 गोंडोला सितंबर में आएंगे। 148 गोंडोला से यात्रियों को सुविधा मिलेगी, जबकि दूसरे चरण के लिए गिरिजाघर में भी काम शुरू हुआ है। पाइलिंग कार्य शुरू किया गया है। हर तीसरे मिनट पर गोंडोला यात्रियों को उपलब्ध रहेगा। रोपवे से प्रति घंटे तीन हजार लोगों को सफर कराया जाएगा। स्विट्जरलैंड की कंपनी बार्थोलेट के इंजीनियर 36 मीटर लंबे 18 टावर स्थापित कर रहे हैं। एनएचएलएमएल (नेशनल हाईवे लाजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड) विभाग ने विश्व समुद्र कंपनी हैदराबाद को कार्यदायी एजेंसी नियुक्त किया है।

भारत माता मंदिर परिसर स्थित रोपवे स्टेशन • जागरण

- 3.75 किमी परियोजना में पांच स्टेशन बनेंगे, भारत माता मंदिर स्टेशन का कार्य हो चुका पूरा
- गिरिजाघर स्टेशन के निर्माण को शुरू हुआ पाइलिंग कार्य, स्थापित किए जा चुके सात टावर

रोपवे परियोजना

809 करोड़ लागत
3.75 किमी रोपवे नेटवर्क
5 रोपवे स्टेशन बनेंगे
29 टावर स्थापित होंगे
148 गोंडोला का इस्तेमाल
6 मीटर प्रति सेकेंड औसत गति
10 यात्री एक बार में सफर करेंगे
16 घंटे तक उपलब्ध होगी सुविधा

अमर उजाला–दि0 19.08.2024

भोजूबीर से पांडेयपुर तक होगा सुंदरीकरण

वाराणसी। भोजूबीर चौराहे से पांडेयपुर फ्लाईओवर तक करीब डेढ़ किलोमीटर मार्ग का सुंदरीकरण किया जाएगा। इसमें फूड कोर्ट तैयार होंगे और जन सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। इसके साथ ही थीम पर आधारित स्कल्पचर दीवारों पर दिखाई देंगे। जिसमें काशी के रंग भी शामिल होंगे और महापुरुषों की आकृतियां भी दिखाई देंगी। मार्ग पर लैंडस्केपिंग भी कराई जाएगी। वीडीए ने सुंदरीकरण की रूपरेखा तैयार कर ली है। प्रथम चरण में जन सुविधाओं में इजाफा किया जाएगा। इसमें शौचालय और लोगों के लिए टिन शेड तैयार होंगे। फुटपाथ संवारे जाएंगे। यहां रेलिंग लगाई जाएगी और फूड कोर्ट भी तैयार किए जाएंगे। ब्यूरो